an>

Title: Need to monitor case of Swine flu and providing better medical facilties.

श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका) : अध्यक्ष महोदया, देश में स्वाइन फ्लू एक गंभीर और जानलेवा बीमारी साबित हुई है। देश में और प्रदेश में हज़ारों लोगों की जानें इस बीमारी से गयीं हैं। दिन-प्रतिदिन स्थिति बहुत ही बद से बदतर होती जा रही है। स्कूलों में, कॉलेजों में आम नागरिकों की सुरक्षा को कोई पुख्ता इंतज़ाम नहीं है। हज़ारों लोग मौत के शिकार हुए हैं। खासकर, राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडीशा में इस जानलेवा बीमारी से भारी खतरा उत्पन्न हुआ है। इसकी दवा का अभाव है, डॉक्टरों का अभाव है। इसे माननीय मंत्री जी और सरकार गंभीरता से लें। देश में चारों तरफ अफरा-तफरी मची हुई है। हॉस्पीटल्स में बेड की व्यवस्था नहीं है, दवा की व्यवस्था नहीं है, इसके परीक्षण की व्यवस्था नहीं है। स्वाइन फ्लू से देश में त्राहिमाम हो रहा है। इसलिए पूरा सदन और सभी माननीय सदस्य इस सरकार से यह जानना चाहते हैं कि इसके लिए आपने क्या विशेष प्रोग्राम बनाए हैं? आपने क्या विज्ञापन दिए हैं? आपने इस जानलेवा स्वाइन फ्लू बीमारी से सुरक्षा के क्या इंतज़ाम कर रहे हैं?

माननीय अध्यक्ष महोदया, यह मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं।